न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 146/2022 बउनवानी विजेन्द्र कुमार वर्मा बनाम लो.सू.अधि.एवं अति० जिला कले. स०मा० निवासी, 2 मधुवन कॉलोनी खेरदा, सवाईमाधोपुर

GCMS No-2022/247

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिश्यिल जज
27.12.2022	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना अधिकारी एवं अति० जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 19.10.2022 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति०जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर के कार्यालय में अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गया:— 1. कार्यालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर में मंत्रालयिक कर्मचारी दिनांक 1.4.2022 की स्थिति के अनुसार वरिष्ठ सहायक के कुल स्वीकृत पदो का श्रेणीवार विवरण। 2. कार्यालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर में मंत्रालयिक कर्मचारी दिनांक 1.4.2022 की स्थिति के अनुसार वरिष्ठ सहायक के कुल रिक्त पदो का श्रेणीवार विवरण। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं अति०जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं अति०जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी। नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी पैरोकार राजस्व ने कथन किया कि लोक सूचना अधिकारी एवं अति०जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर के जवाब नोटिस क्रमांक एफ.3()सूकाअ/पोर्टल/2022/1466 दिनांक 09.12.2022 से अवगत कराया कि अपीलान्ट द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 19.10.2022 के बिन्दु संख्या 1 लगायत 2 मे चाही गयी सूचना , लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 1438 दिनांक 29.11.2022 से अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया। पैरोकार द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 19.10.2022 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1 लगायत 2 मे चाही गयी सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर द्वारा जरिये पत्रांक 1438 दिनांक 29.11.2022 से अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। चूंकि चाही गयी सूचना अपीलान्ट को उपलब्ध हो चुकी है इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल रिकार्ड की जावे। आदेश खुले न्यायालय में सुनवाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Suresh Kumar Ola Date: 2023.03.17 17:42:21 IST Reason: SelfAttested (सुरेश कुमार ओला) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर